(iv) Crop rotation with non-host plants.

(v) Use of bacterial and biological control agents.

(vi) Hand picking of larvae wherever possible.

(vii) Use of recommended dose of nitrogenous fertilisers.

(viii) Use of quality insecticides in proper doses by effective sprayers.

The Integrated Pest Management strategies for cotton pests have also been developed for other regions by Punjab Agricultural University, Ludhiana and Andhra Pradesh Agricultural University, Hyderabad.

(e) Integrated Pest Management is being recommended throughout the country.

डी०डी०टी० के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

1840. **श्री रशीद मसूद** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कई देशों में कृषि क्षेत्रों में डी०डी०टी० के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि भारत में भी कृषि के क्षेत्र में डी० डी० टी० के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार एक बार फिर कृषि क्षेत्र में डी० डी० टी० के प्रयोग को खुली छूट देने का विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य संत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) उपलब्ध जानकारी से यह पता चलता है कि कुछ देशों ने डी०डी०टी० के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

(ख) जी नहीं ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता ।

प्रमाणित बीजों के उत्पादन का कार्यक्रम

1841. **श्री रशीद मसूद** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय बीज निगम ने देश में प्रमाणित बीजों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए हाल में एक कार्यक्रम तैयार किया है ; और

(ख) यदि हां, तो अगले तीन वर्षों में हर वर्ष इन बीजों के उत्पादन का कितना-कितना लक्ष्य रखा गया है और इसके परिणामस्वरूप इन बीजों की कितने प्रतिशत आवश्यकता पूरी हो सकेगी ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) जी हां ।

(ख) प्रामाणीकृत बीज का उत्पादन करने के लिये राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा नियत किये गये लक्ष्य नीचे दिये गये हैं :—

1988–89	6.75 लाख क्विंटल
1989–90	8.80 लाख क्विंटल
1990–91	अन्तिम रूप नहीं दिया गया

राष्ट्रीय बीज निगम, आवश्यकता को लगभग 6 प्रतिशत से 8 प्रतिशत की पूर्ति कर पायेगा ।